सं0-31/2021/183/23-12-2021-850/2018

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-12 लखनऊः दिनांक 25 मार्च, 2021

विषयः-एशियन डेवलपमेंट बैंक ऋण से सहायतित उत्तर प्रदेश प्रमुख जिला मार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत चालू कार्यों पर मांग/समर्पण के समायोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0 लखनऊ के पत्र सं0-15048 बी0जी0/7बी-मांग/2020-21, दिनांक 18.03.2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में एशियन डेवलपमेंट बैंक सहायतित उत्तर प्रदेश प्रमुख जिला मार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत तालिका क में अंकित 01 चालू कार्य पर बचत के कारण समर्पित की गई धनराशि रू0 1200.00 लाख (रू0 बारहर सौ लाख मात्र) का समर्पण किये जाने तथा तालिका ख में अंकित 01 चालू कार्य हेतु रू0 1200.00 लाख (रू0 बाहर लाख मात्र) का आवंटन निम्नानुसार /निम्नलिखित शर्तों के अधीन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

तालिका क

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड का नाम	स्वीकृति की शासनादेश संख्या	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	31.3.20 तक व्यय/ आवंटन	2020-21 में आवंटन	समर्पित धनराशि /कारण	वित्तीय वर्ष 2020-21 में शुद्ध आवंटन
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर	39/2018/1188/ 23-12-18-1387 /2016 दिनांक 08.06.2018	मोहनलालगंज-मौरावां-उन्नाव मार्ग (एम0डी0 आर0-52सी) के चैनेज 1.310 किमी0 से 54.114 किमी0 चैनेज 8.000 से चैनेज 13.000 छोड़कर) (कुल लम्बाई 47.804 किमी0) तक का अपग्रेडेशन/निर्माण कार्य।	27056.00	7203.14	16700.00	-1200.00/ बचत की धनरशि।	15500.00
			योग	**27056.00**	**7203.14**	**16700.00**	**-1200.00**	**15500.00**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

तालिका ख

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	खण्ड का नाम	स्वीकृति की शासनादेश संख्या	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7
1	विश्व बैंक खण्ड, लो0नि0वि0, अलीगढ़	38/2018/1187/ 23-12-18-1386 /2016 दिनांक 08.06.2018	अलीगंज-सोरो मार्ग (एम0डी0आर0-45डब्लू) के चैनेज 26.300 से 61.810 के कि0मी0 तक मार्ग का अपग्रेडेशन/निर्माण का कार्य।	16253.72	12934.38	1200.00
			योग	**16253.72**	**12934.38**	**1200.00**

(1) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है, उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(3) प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगें कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्त्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य किसी कार्य योजना में सम्मिलित है।

(4) एशियन विकास बैंक के ऋण से प्रस्तावित चालू कार्यों पर धनराशि की मांग हेतु उपलब्ध कराये जाने वाले प्रस्ताव के साथ सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता से मार्ग निर्माण की निरीक्षण रिपोर्ट तथा निर्माणाधीन मार्गों के अद्यतन फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराया जाय।

(5) वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप सं0-1/2020/बी-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च, 2020 में उल्लिखित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) विभाग द्वारा एशियन विकास बैंक की गाइड लाइन्स तथा भारत सरकार की शर्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(7) प्रकरण में अन्य प्रवर्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) उपरोक्त तालिका में अंकित कार्य के मूल स्वीकृति विषयक शासनादेश की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी तथा उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(9) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर/ पी0एल0ए0/ डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी।

(10) कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष/मुख्य अभियन्ता (मु0-1)/मुख्य अभियन्ता, वाहय सहायतित परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ की होगी।

(11) किसी भी स्थिति में कार्य एवं फण्डिंग की डुप्लीकेसी न होने दी जाये एवं समयान्तर्गत कार्य का पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(12) उक्त कार्यों पर होने वाले व्यय की तिमाही रिपोर्ट प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के एक माह के अन्दर शासन एवं विश्व बैंक को भेजी जायेगी तथा उक्त कार्य के पूरा होने के उपरान्त लेखापरीक्षा कराकर विधिवत पूर्णतः प्रमाण पत्र शासन एवं विश्व बैंक को प्रेषित किया जाय।

(13) उपरोक्त तालिका 'क' में अंकित कार्य पर वित्तीय वर्ष 2020-21 में धनराशि आवंटन विषयक शासनादेश उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगें तथा उनकी शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

2- उक्त कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-05-अन्तर्राज्यीय या आर्थिक महत्व की सड़कें-337- सड़क निर्माण कार्य-97-बाह्य सहायतित परियोजनायें- 9706-एशियन डेवलपमेंट बैंक सहायतित उत्तर प्रदेश जिला सड़क परियोजना के चालू कार्यों हेतु एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- ये आदेश वित्त विभाग के शासनादेश सं0-13/2020/बी-1-765-दस/2020-231/2020, दिनांक 23.12.2020 एवं शासनोदश सं0-4/2020/बी-1-192/दस-2020-231/2020, दिनांक 07.04.2020 में प्रतिनिहित अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-31/2021/183(1)/23-12-2021 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री/मा0 लोक निर्माण मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
6- मुख्य अभियन्ता, बाहय सहायतित परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियन्त्रक, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
9- वित्त (व्यय नियन्त्रण) अनुभाग-8
10- लोक निर्माण अनु0-10
11- डाटा सेल, लोक निर्माण विभाग, विकास भवन, जनपथ, लखनऊ।
12- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।